आकाशवाणी चंडीगढ

04अगस्त 2025, समय 13.05

वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में भारत का स्मार्टफोन निर्यात रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 58 प्रतिशत बढ़कर सात अरब 72 करोड़ डॉलर हो गया है। प्राप्त आकंड़ों के अनुसार इस बढ़त में सर्वाधिक योगदान एप्पल का रहा है। जिसने अपने अनुबंधित निर्माताओं के माध्यम से छह अरब डॉलर मूल्य के आईफोन निर्यात किए।

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री एवं फरीदाबाद के सांसद कृष्ण पाल गुर्जर ने कल शाम, गांव बड़खल स्थित कुम्हार वाली पुलिया के पास करोड़ों रुपये की लागत से शुरू होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत शिलान्यास किया।

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री ने कहा की 25 वर्ष तक क्षेत्र में सड़कों की सुध नहीं ली गई।

श्री गुर्जर ने जिन प्रमुख परियोजनाओं का शिलान्यास किया उनमें बड़खल गांव की विभिन्न गलियों में 80 मिलीमीटर मोटाई की एम-40 ग्रेड इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछा तथा ड्रेन उठान का कार्य शामिल है, जिसकी अनुमानित लागत 62 लाख 78 हजार 293 रुपए है। इसके साथ ही कुम्हार वाली पुलिया से बड़खल मेन गेट तक आरएमसी एम-40 ग्रेड कंक्रीट सड़क निर्माण का कार्य भी शुरू किया

गया, जिस के निर्माण पर 1 करोड़ ,04 लाख 96 हजार रुपए से अधिक लागत आएगी।इसके अलावा गांव के अन्य हिस्सों में भी इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछाने के लिए 49 लाख 45 हजार 913 रुपए की परियोजना का शुभारंभ किया गया।

श्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि यह विकास कार्य क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आश्वासन दिया कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर हर क्षेत्र का विकास करेंगे। कार्यक्रम में स्थानीय पार्षदों, गणमान्य नागरिकों तथा नगर निगम अधिकारी मौजूद रहे।

फरीदाबाद में कल शाम आयोजित एक समारोह में 100 से अधिक नियमित और समर्पित रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया।

यह कार्यक्रम प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय और जिला रेड क्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य समाज में निस्वार्थ सेवा के प्रतीक रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करना और रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना था।

समारोह के मुख्य अतिथि अतिरिक्त उपायुक्त श्री सतबीर मान ने मंच से रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए उन्हें “रक्तवीर” की संज्ञा दी। उन्होंने कहा कि रक्तदान जीवनदान है और जो लोग बार-बार रक्तदान करते हैं, वे सच्चे मानवता प्रेमी हैं। श्री मान ने युवाओं से भी इस पुनीत कार्य में जुड़ने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि और जिला रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव बीजेंद्र सरौत ने बताया कि फरीदाबाद रक्तदान के क्षेत्र में लगातार उत्तर भारत के अग्रणी जिलों में शामिल रहा है। उन्होंने गर्व से बताया कि कोविड-19 महामारी के कठिन समय में, जब दिल्ली और नोएडा जैसे शहरों के रक्त बैंक खाली हो गए थे, तब फरीदाबाद ने बड़ी संख्या में रक्त भेजकर कई लोगों की जान बचाई।

समारोह में उन रक्तदाताओं को विशेष सम्मान दिया गया जिन्होंने 50, 100 और कुछ ने 150 से अधिक बार रक्तदान कर मिसाल कायम की है।

आकाशवाणी चंडीगढ़ से सेवामुक्त हुए वरिष्ठ उद्घोषक विजय कुमार वशिष्ठ का आज देहांत हो गया । लगभग 80 वर्षीय विजय कुमार वशिष्ठ ने 1971 में आकाशवाणी के चंडीगढ़ केंद्र से उद्घोषक के तौर पर सरकारी सेवा शुरू की और 2005 में सी मुक्त हुए। अपने सेवा काल के दौरान उन्होंने आकाशवाणी मुंबई में भी अपनी सेवाएं दी। विजय कुमार वशिष्ठ जी की अर्थिव देह का अंतिम संस्कार आज शाम 4 बजे चंडीगढ़ में किया जाएगा